पीलूखेड़ी में जोलोपैक लगाएगी सस्टेनेबल पैकेजिंग का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

भोपाल। भारत में सस्टेनेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट के प्रमुख निर्माता पुणे स्थित जोलोपैक इंडिया लिमिटेड मध्य प्रदेश के भोपाल के पास पीलूखेड़ी में 75,000 वर्ग फुट में फैले एक अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना करेगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन से फैक्ट्री का वर्चुअल भूमिपूजन समारोह आयोजित किया। वहीं नरसिंहगढ़ के विधायक मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने स्थल पर भूमिपूजन समारोह किया। जोलोपैक के एमडी और सीईओ, शशांक मिश्रा ने कहाकि हमने सीहोर जिले में 62 एकड़ में 100 करोड़ रुपए से अधिक के पूंजी निवेश के साथ एक अत्याधुनिक औद्योगिक परिसर स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा है।